बाल दिवस को लेकर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने किया कार्यक्रम

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के साथ केक की रस्म करते हुए। मनी

सवेरा न्यूज / पिंजौर मनी : पिंजौर शहर में आज महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आज बाल दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं विकास बाल परियोजना अधिकारी आरु वशिष्ठ द्वारा की गई और इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों और उनके माता-पीताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और माता-पिता के संबंधों को मजबूत करना और स्वास्थ्य, शिक्षा व सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत खुशनुमा गीतों और कविताओं के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों और माता-पिता के बीच संबंध मजबूत करने वाली गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही डिजिटल साक्षरता और मौसमी स्वास्थ्य सावधानियों पर जागरूकता सत्र भी रखा गया। खेल-कूद के तहत नींबू-चम्मच दौड़ जैसी मजेदार गतिविधियों ने कार्यक्रम में जोश भर दिया और एकता व खेल भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने ह्यशिक्षा शपथह्व ली, जिसमें बच्चों की शिक्षा और विकास के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया गया। रॉकेट लर्निंग टीम भी इस आयोजन का हिस्सा बनी और उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग मिला। इस तरह, पंचकूला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल दिवस का यह उत्सव बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक अनुभव बना ।